उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा।

(पंचायत शाखा)

पत्रांक 221 / पं0

दिनांक 20 / 05 / 2016

प्रेषक,

उपायुक्त,
कोडरमा।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जैप–आई0टी0, झारखण्ड, राँची।

विषय :– पंचायत स्तर पर कनीय अभियंता एवं लेखा लिपिक–सह–कम्प्युटर ऑपरेटर पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है की झारखण्ड सरकार के सचिव ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) का प्राप्त पत्रांक 1453 दिनांक 03.05.2016 द्वारा प्रत्येक प्रखण्ड में 02 कनीय अभियंता एवं प्रत्येक तीन पंचायत पर 01 लेखा लिपिक–सह–कम्प्युटर ऑपरेटर का पद सृजित करते हुए संविदा के आधार पर नियुक्ति का निदेश दिया गया है। कोडरमा जिलान्तर्गत 06 प्रखण्डो के लिए 12 कनीय अभियंता एवं 109 पंचायतो के लिए 36 लेखा लिपिक–सह–कम्प्युटर ऑपरेटर की नियुक्ति की जानी है।

चयन समिति द्वारा नियुक्ति हेतु विज्ञापन का प्रारूप तैयार किया गया है कि आवेदक आवेदन शुल्क ऑनलाईन द्वारा भुगतान करेंगे, जिसका लिंक https://www.onlinesbi.com/prelogin/icollecthome.htm?corpID=642881 है।

अतः अनुरोध है संलग्न विज्ञापन को recruitment.jharkhand.gov.in portal पर अपलोड करते ऑनलाईन भुगतान हेत उक्त लिंक का विकल्प पोर्टल में की जाय।

अनुलग्नकः–

1. विज्ञापन प्रति

विश्वासभाजन

उपायुक्त, 20/5
कोडरमा।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(पंचायत शाखा)

विज्ञापन सं0— 01/2016

सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक 1453 दिनांक 03—5—2016 के द्वारा सभी प्रखण्ड में 02 कनीय अभियन्ता एवं प्रत्येक तीन पंचायत पर 01 लेखा लिपिक—सह—कम्प्यूटर ऑपरेटर का पद सृजित करते हुए संविदा के आधार पर नियुक्ति का निदेश दिया गया है।

कोडरमा जिलान्तर्गत 06 प्रखण्डों के लिए 12 कनीय अभियन्ता एवं 109 पंचायतों के लिए 36 लेखा लिपिक—सह—कम्प्यूटर ऑपरेटर का पद सृजित किया गया है, जिसपर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु पैनल तैयार किया जाना है।

नियुक्ति हेतु पदवार; रिक्ति एवं वांछित अर्हताएँ निम्नवत् है :—

क्र0	पद का नाम एवं पद की संख्या	कोटिवार पदों की संख्या	वांछित अर्हताएँ
1	कनीय अभियंता **कुल पद — 12** **मासिक मानदेय— 17,000/—**	अनारक्षित — 06 अ0पि0वर्ग — 2 पिछड़ा वर्ग — 1 अनुसूचित जाति — 2 अनु0जनजाति — 1	1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से नियमित पाठ्यक्रम में 60 प्रतिशत अंकों के साथ सिविल अभियंत्रण में डिप्लोमा अथवा समकक्ष शैक्षणिक योग्यता। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम् 50 प्रतिशत निर्धारित किये जाते हैं। 2. न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष
2	लेखा लिपिक सह —कम्प्यूटर ऑपरेटर **कुल पद — 36** **मासिक मानदेय— 10,000/—**	अनारक्षित — 18 अ0पि0वर्ग — 5 पिछड़ा वर्ग — 4 अनुसूचित जाति — 6 अनु0जनजाति — 3	1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से नियमित पाठ्यक्रम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बी0कॉम/बी0एस0सी0(गणित/सांख्यिकी/बी0ए0 (गणित/सांख्यिकी) अथवा समकक्ष शैक्षणिक योग्यता। अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम् अंक में 05 प्रतिशत की छूट रहेगी। 2. वांछनीय योग्यता एवं अनुभव संबंधित क्षेत्र में उच्चतर योग्यता एवं अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी। 3. न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु कोटिवार निम्नवत होना चाहिए :— (i.) सामान्य वर्ग के लिए — 35 वर्ष (ii.) पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए — 37 वर्ष (iii.) अनु0जाति/अनु0जनजाति के लिए — 40 वर्ष

आवेदन समर्पित करने की प्रक्रिया :—

1. आवेदक एक से अधिक पदों के लिए आवेदन समर्पित कर सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक पद के लिए अलग—अलग ऑनलाईन आवेदन एवं भुगतान करना होगा।
2. आवेदक को आवेदन के साथ पद के अनुरूप निम्नवत् शुल्क का भुगतान ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 23.05.2016 से 07.06.2016 तक करना होगा, जिन आवेदकों का ऑनलाईन भुगतान प्राप्त नहीं होगा, उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

क्र0	पद का नाम	शुल्क की राशि	कोटि
1	**कनीय अभियंता**	500/—	सामान्य श्रेणी
		300/—	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति
2	**लेखा लिपिक—सह—कम्प्यूटर ऑपरेटर**	500/—	सामान्य श्रेणी
		300/—	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति

नोटः— ऑनलाईन भुगतान हेतु बैंक ट्रांजेक्शन चार्ज आवेदक द्वारा वहन किया जाएगा।

3. ऑन लाईन आवदेन recruitment.jharkhand.gov.in एवं Koderma.nic.in वेबसाईट पर कर सकेंगे। ऑनलाईन आवेदन दिनांक 23.05.2016 से दिनांक 07.06.2016 तक स्वीकार किया जाएगा।
4. साक्षात्कार हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची recruitment.jharkhand.gov.in एवं koderma.nic.in पर देखा जा सकता है। साक्षात्कार के तिथि की सूचना website पर अलग से दी जायेगी।
5. नियुक्ति हेतु मेधा सूची; शैक्षणिक योग्यता (अनिवार्य एवं वांछिनीय), अनुभव (जहॉ आवश्यक हो) साक्षात्कार एवं कम्प्यूटर टेस्ट के अंकों की कुल प्राप्तांको के आधार पर तैयार की जायेगी।
6. सभी श्रेणी के पदों के रिक्तियों के विरूद्ध अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आंमंत्रित किया जायेगा।
7. लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर पद के अभ्यर्थियों को कम्प्यूटर ज्ञान हेतु टेस्ट भी देना होगा।
8. नियुक्ति हेतु चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

20/5

उपायुक्त,
कोडरमा